ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 09.01.2021

- जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय द्वारा आज दिनांक 09.01.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम के द्वारा कराऐ जा रहे विकास कार्यो का किया गया निरीक्षण।
- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 09.01.2021 को अहमदपुर नियाजपुर एवं रौजा जोन का किया गया निरीक्षण।

1. जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय द्वारा आज दिनांक 09.01.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम के द्वारा कराऐ जा रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया गया। जिसके क्रम में आज जिलाधिकारी महोदय द्वारा गर्रा पुल पर बने वेंडिग जोन का निरीक्षण किया गया,जिसमें साफ–सफाई,पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था की जानकारी ली गई तथा वेंडिग जोन एवं उसके आसपास नियमित रुप से साफ–सफाई कराने के सबंधित को विशेष निर्देश दिये गये। इसके साथ पथ विक्रेताओ को अपील की गई कि वेडिंग जोन आवंटित की गई दुकानो मे ही अपनी दुकान लगाये एवं लोगो द्वारा गर्रा पुल पर किये गये अतिक्रमण को हटवाये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी महोदय ने अजीजगंज से नगरिया मोड़ तक बनने वाले रोड पर लोगो द्वारा रोड की दोनो तरफ किये गये अतिक्रमण को अपनी उपस्थिति जे0सी0बी0 द्वारा हटवाया गया। साथ ही लोगो से अपील कि अतिक्रमण को स्वंय हटवा ले अन्यथा की स्थिति में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण बल पूर्वक हटाया जायेगा। इसी के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेजबान होटल स्थित महाराणा प्रताप पार्क में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने पार्क मे रेलिंग लगाये जाने एवं बाल पेन्टिग कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह के साथ पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आनन्द, नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त महोदय श्री एस0के0 सिंह, उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुवे तथा प्रवर्तन दल की टीम एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

2. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 09.01.2021 को नगर के अहमदपुर नियाजपुर एवं रौजा जोन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अहमदपुर नियाजपुर के तालाब में कूड़ा डालने पर नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही क्षेत्रवासियो से तालाब को बचाये रखने की अपील की गई एवं तालाब को रि–स्टोर कराये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया गया। कूड़े के निस्तारण हेतु नगर आयुक्त महोदय द्वारा कूड़ा ट्रान्सफर स्टेशन के लिये स्थल को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा रौजा जोन मे निगम की वाहनो हेतु पार्किग स्थल एवं अन्य सेवाओ हेतु चयनित भूमि का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, के साथ अपर नगर आयुक्त महोदय श्री एस0के0 सिंह, उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुवे तथा प्रवर्तन दल की टीम एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।